बलियों में हो थे बलवानी ,

(तर्ज: जोड़ी रो जवाब नहीं...)

बलियों में हो थे बलवानी ,
महिमा थारी जाये ना जानी ,
देवो में देव महान , दुनिया में डंका बजे

हे बजरंग बली मतवाला ,
रवि को लेकर मुंह में डाला ,
कहलाये हनुमान , दुनिया में डंका बजे

सागर लांघ सिया सुध लिनी ,
नगरी उथल पुथल कर दिनी ,
लंका जलाये बलवान , दुनिया में डंका बजे

लाय संजीवन लखन बचाए ,
श्री रघुवीर हरसी उर लाए ,
पर्वत उठाए हनुमान , दुनिया में डंका बजे

मेहन्दीपुर थारो धाम निरालो ,
सालासर को बजरंग बालो ,
'प्रियंका' करे गुणगान , दुनिया में डंका बजे

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10556/title/baliyo-me-ho-ye-balvani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |